भारत सरकार

**इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2370**

जिसका उत्तर 16 मार्च, 2022 को दिया जाना है ।

25 फाल्गुन, 1943 (शक)

## डिजिटल साक्षरता की स्थिति

**2370. श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:**
**श्री कृपाल बालाजी तुमाने:**

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) डिजिटल साक्षरता मिशन के कार्यान्वयन की राज्य-वार स्थिति क्या है;

(ख) क्या राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) विशेष रूप से संघ राज्यक्षेत्र दादरा और नगर हवेली और दमण एवं दीव में डिजिटल साक्षरता योजनाओं के कवरेज को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार को डिजिटल साक्षरता कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए लोगों में कम उत्साह के कारणों पर कोई प्रतिक्रिया मिली है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

## इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री राजीव चंद्रशेखर)

**(क) से (ग):** कौशल विकास और कुशल प्रतिभा का सृजन यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मिशन है कि भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रशिक्षित और कुशल जनशक्ति प्रदान की जाती है जिसकी उद्योग को आवश्यकता है । आगे डिजिटल को अधिग्रहण करने मे मदद करने हेतु, मंत्रालय ने 2014 से ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में नागरिकों के लिए डिजिटल साक्षरता पर ध्यान केंद्रित किया है। वर्ष 2014 से 2016 में, देश भर में डिजिटल साक्षरता में 52.50 लाख उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने के लक्ष्य के साथ सरकार द्वारा "राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन" (एनडीएलएम) और "डिजिटल साक्षरता अभियान" (दिशा) नामक दो योजनाओं को लागू किया गया था । इन दो योजनाओं के तहत कुल 53.67 लाख लाभार्थियों को प्रमाणित किया गया ।

बाद में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2017 में 6 करोड़ ग्रामीण परिवारों (प्रति परिवार एक व्यक्ति) को शामिल करके ग्रामीण भारत में डिजिटल साक्षरता की शुरुआत करने के लिए "प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (पीएमजीदिशा)” नामक एक योजना को मंजूरी दी थी । अब तक लगभग 5.71 करोड़ उम्मीदवारों का नामांकन किया गया है और 4.82 करोड़ को प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से लगभग 3.57 करोड़ उम्मीदवारों को इस योजना के तहत प्रमाणित किया गया है । योजना के तहत राज्यवार उपलब्धि **अनुबंध** में देखी जा सकती है ।

संघ राज्य क्षेत्रों दादरा और नगर हवेली और दमन दीव सहित देश भर में डिजिटल साक्षरता योजनाओं की व्याप्ति को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम के प्रति जागरूकता और प्रचार गतिविधियों को बढ़ाना और अभियानों, कार्यशालाओं, संगोष्ठियों आदि के माध्यम से इसका कई गुना विस्तार करना। संघ राज्य क्षेत्रो दादरा और नगर हवेली और दमन दीव में अब तक 10 वर्चुअल कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी हैं।
- सभी अछूती ग्राम पंचायतों में नए प्रशिक्षण केंद्रों की पहचान और पंजीकरण करने का प्रयास किया गया है ।
- न्यूनतम इंटरनेट सम्बद्धता के मुद्दों को दूर करने के लिए, दूरस्थ स्थानों पर वाईफाई-चौपाल स्थापित किए गए हैं। संघ राज्य क्षेत्रो दादरा और नगर हवेली और दमन दीव में 48 वाईफाई-चौपाल स्थापित किए गए हैं।

**(घ):** इन योजनाओं को जहां कहीं भी लागू किया गया है, वहीं लाभार्थियों द्वारा नामांकन के लिए आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया देखी गई है।

********

**अनुबंध**

| पीएमजीदिशा योजना के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र के लक्ष्य और उपलब्धियां | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य** | **पंजीकृत** | **प्रशिक्षित** | **प्रमाणित** |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 333 | 122 | 56 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 14,00,493 | 10,82,861 | 7,59,911 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 3,504 | 1,285 | 880 |
| 4 | असम | 26,09,441 | 22,56,175 | 18,02,059 |
| 5 | बिहार | 60,95,906 | 52,59,760 | 38,18,455 |
| 6 | चंडीगढ़* | 0 | 0 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ | 25,04,227 | 21,55,181 | 16,29,755 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 2,185 | 842 | 484 |
| 9 | दमन और दीव | 1,733 | 1,042 | 653 |
| 10 | दिल्ली* | 2,595 | 1,934 | 1,532 |
| 11 | गोवा | 8,267 | 5,073 | 3,311 |
| 12 | गुजरात | 24,97,677 | 21,59,568 | 15,83,917 |
| 13 | हरियाणा | 17,80,694 | 14,94,252 | 11,22,575 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 3,87,763 | 2,84,790 | 2,04,133 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 5,21,693 | 3,83,367 | 2,77,190 |
| 16 | झारखंड | 22,08,674 | 17,53,408 | 12,70,789 |
| 17 | कर्नाटक | 10,57,022 | 8,01,987 | 5,21,764 |
| 18 | केरल | 51,755 | 24,871 | 19,776 |
| 19 | लद्दाख | 23,359 | 19,289 | 14,163 |
| 20 | लक्षद्वीप | 109 | 35 | 0 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 48,31,469 | 41,99,364 | 30,84,836 |
| 22 | महाराष्ट्र | 39,47,006 | 32,27,262 | 23,11,170 |
| 23 | मणिपुर | 10,889 | 6,028 | 3,782 |
| 24 | मेघालय | 1,23,689 | 85,211 | 56,354 |
| 25 | मिजोरम | 10,919 | 7,333 | 4,178 |
| 26 | नगालैंड | 5,741 | 4,085 | 2,902 |
| 27 | उड़ीसा | 28,23,961 | 23,01,267 | 17,37,562 |
| 28 | पुदुचेरी | 14,770 | 10,038 | 6,493 |
| 29 | पंजाब | 15,29,817 | 13,04,207 | 10,02,220 |
| 30 | राजस्थान | 31,37,023 | 26,06,429 | 18,95,933 |
| 31 | सिक्किम | 4,058 | 1,548 | 724 |
| 32 | तमिलनाडु | 11,33,371 | 8,87,642 | 6,34,791 |
| 33 | तेलंगाना | 7,78,509 | 6,00,895 | 4,13,832 |
| 34 | त्रिपुरा | 3,16,201 | 2,45,479 | 1,96,927 |
| 35 | उत्तराखंड | 6,28,606 | 5,19,695 | 3,84,089 |
| 36 | उत्तर प्रदेश | 1,46,93,478 | 1,28,90,850 | 96,88,547 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 20,48,960 | 16,28,773 | 12,51,395 |
| **संपूर्ण** | | **5,71,95,897** | **4,82,11,948** | **3,57,07,138** |

*चंडीगढ़ और दिल्ली शहरी समूह में हैं, इसलिए इस योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं